**BCM SCHOOL BASANT AVENUE DUGRI LUDHIANA**

Class 7 Hindi Assignment no2

पाठ - 5 (नाटक) पापा खो गए ,अपठित गद्यांश ,व्याकरण भाग-विशेषण

अपठित गद्याश को ध्यानपूर्वक पढ़कर विकल्प  से प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

आजकल लोग स्वास्थ्य के प्रति पहले की अपेक्षा अधिक सजग हो गए हैं। वे अपने खान-पान पर ध्यान देने लगे हैं। फल, सब्जियाँ और पौष्टिक आहार को प्राथमिकता दी जाने लगी है। साथ ही, लोग योग और व्यायाम को भी अपने जीवन का हिस्सा बना रहे हैं। इसका मुख्य कारण यह है कि महामारी के समय लोगों ने जाना कि अच्छी रोग प्रतिरोधक क्षमता (इम्युनिटी) ही उन्हें बीमारियों से बचा सकती है। अब लोग समझ गए हैं कि यदि शरीर स्वस्थ रहेगा तो जीवन के हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त की जा सकती है।

1)लोग अब पौष्टिक आहार को प्राथमिकता क्यों दे रहे हैं?
I) क्योंकि यह स्वादिष्ट होता है।
II) क्योंकि डॉक्टर ऐसा कहते हैं।
III) क्योंकि वे बीमार नहीं पड़ना चाहते।

विकल्प

A)केवल I और II

B)I.  II  III सभी

C)केवल III

2)कथन और कारण को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए।
कथन- स्वस्थ शरीर से ही जीवन के हर क्षेत्र में सफलता मिलती है।
कारण- केवल व्यायाम करने से ही व्यक्ति स्वस्थ रहता है।

A)दोनों सही हैं ।

B)कथन सही कारण ग़लत है ।

C) कारण सही कथन ग़लत है

3)लेखक का क्या तर्क है कि लोग अब योग और व्यायाम करने लगे हैं?

I) क्योंकि वे खाली समय का उपयोग करना चाहते हैं।

II) क्योंकि इस से शरीर स्वस्थ रहेगा तो जीवन के हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त की जा सकती है।

III) क्योंकि इससे शरीर मजबूत बनता है और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है।
विकल्प

A)I और  II सही है ।

B)I ,II , III सभी

C)II ,और III सही है ।

2)निम्नलिखित वाक्यों में विशेषण शब्दों को पहचानिए और उनका प्रकार लिखिए:

वह सुंदर लड़की कविता पढ़ रही है।
यह मेरा बैग है।
पाँच बच्चे खेल रहे ।

3)रिक्त स्थानों में उपयुक्त विशेषण भरिए:

___ फूल बहुत महकदार हैं।
आज मौसम ___ है।
मेरे पास ___ पेंसिलें हैं।

4)प्र-पापा खो गये पाठ से संबंधित मनुष्य को अनजान व्यक्तियों से कैसे सावधान रहना चाहिए?

5)वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए
क) दुष्ट आदमी कब आया था?
ख)नाच के बीच में कौन आता है?
ग)पेड़ के पीछे कौन छिप जाता है?
घ)फुटपाथ पर सबसे पहले कौन था?